care inspectorate

# समानता परिणाम

# 2013 -2017



COMMS-0413-126

## हमने अपने समानता परिणामों को कैसे विकसित किया है

हमने समानता के संदर्भ में हमारे द्वारा रखी और उपयोग की जाने वाली संपूर्ण जानकारी को देखा है। हमने विचार किया कि हम अपने समानता उत्तरदायित्वों को कितनी अच्छी तरह पूरा करते हैं और हम और क्या कर सकते हैं। हमने इस जानकारी को अपनी रिपोर्ट समानता की ओर (2013) में प्रकाशित किया है, जो अगले दो वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र में समानता उत्तरदायित्व की प्रगति की कार्रवाई को रेखांकित करती है।

लोगों की आवश्यकताओं और हमसे अपेक्षाओं को और बेहतर तरीके से समझने के लिए हम आयु, विकलांगता, लिंग पुनर्निर्धारण, विवाह और सिविल पार्टनरशिप, गर्भावस्था और मातृत्व, जाति, धर्म या धारणा, सहवास और लैंगिक प्रवृत्ति का प्रतिनिधित्व करने वाले समानता समूहों के संदेशों को सुना है।

हमारे समानता परिणामों की प्रगति को मापने के लिए हम अपनी रिपोर्ट समानता की ओर (2013) में प्रकाशित कार्रवाईयों का उपयोग करेंगे और इसलिए इस रिपोर्ट को उस रिपोर्ट में मूल्यांकित जानकारी के आगे की कार्यवाही के रूप में देखा जाना चाहिए।

समानता और मानव अधिकार कमीशन (Equality and Human Rights Commission) के निर्देश परिणाम के कथनों को प्रेरणास्पद होने और कॉर्पोरेट उद्देश्यों और परिणामों से जुड़े होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

हमारे द्वारा विकसित प्रत्येक परिणाम हमारे कम से कम एक कॉर्पोरेट योजना परिणाम से जुड़ा हुआ है।

- परिणाम 1: स्कॉटलैंड में सेवाओं की गुणवत्ता सुधर रही है।
- परिणाम 2: लोगों को अपनी अपेक्षानुरूप सेवा की गुणवत्ता की समझ है और उन्हें इसकी अपेक्षा करनी चाहिए और उन्हें अपनी आवश्यकताओं, अधिकारों और जोखिमों पर केंद्रित सेवाओं का एक अच्छा अनुभव है।
- परिणाम 3: देखभाल निरीक्षणालय (Care Inspectorate) एक स्वतंत्र जाँच इकाई के रूप में प्रभावी और दक्ष रूप से कार्य करता है और अन्य इकाईयों की भागीदारी में बेहतर कार्य करता है।

वेब आधारित शोध और स्कॉटलैंड में कई समानता समूहों और संगठनों के प्रत्यक्ष संपर्क के द्वारा सुरक्षित विशेषताओं वाले लोगों के विचारों पर परामर्श किया गया था। हमने सुनिश्चित किया कि ये समूह और संगठन सभी नौ सुरक्षित विशेषताओं को दर्शाते थे।

हमारे कार्य क्षेत्रों के सभी, और स्कॉटलैंड के सभी देखभाल निरीक्षणालय के स्टाफ़ हमारे समानता कार्य के प्रमाणों और कमियों को पहचानने में शामिल रहे हैं।

हम ऐसे कथन, जो उन्हें पढ़ने वाले लोगों के लिए समझने योग्य हों और जो असमानता और भेदभाव से प्रभावित लोगों के जीवन पर एक बड़ा प्रभाव डाल सके, तैयार करने के लिए स्कॉटिश सामाजिक सेवा समिति (Scottish Social Services Council) और स्वास्थ्य सेवा सुधार स्कॉटलैंड (Healthcare Improvement Scotland) के साथ कार्य कर रहे हैं ।

इस कार्य को पूरा करने के लिए हमने लेखांकन स्कॉटलैंड, शिक्षा स्कॉटलैंड, स्वास्थ्य सेवा सुधार स्कॉटलैंड, स्कॉटलैंड के लिए की महारानी के पुलिस निरीक्षणालय, और स्कॉटिश सामाजिक सेवा समिति के साथ सीधा संपर्क रखा था।

## समानता परिणाम

**1. हम सभी आयुवर्गों, विपरीतलिंगी सहित सभी लिंग, लैंगिक प्रवृत्ति के लोगों, विकलांगों, सभी जातियों और सभी धारणाओं या बिना धारणा वाले सभी लोगों के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावी कार्रवाई करते हैं।**

कॉर्पोरेट योजना परिणाम 2

**2. सभी आयुवर्गों, विपरीतलिंगी सहित सभी लिंग, लैंगिक प्रवृत्ति के लोगों, विकलांगों, सभी जातियों और सभी धारणाओं या बिना धारणा वाले सभी लोगों को अच्छी और बेहतर देखभाल और सामाजिक कार्य सेवाएँ प्राप्त होती हैं।**

कॉर्पोरेट योजना परिणाम 1
कॉर्पोरेट योजना परिणाम 2
कॉर्पोरेट योजना परिणाम 3

**3. सभी आयु वर्गों और विपरीतलिंगी सहित सभी लिंग, लैंगिक प्रवृत्ति के लोगों, विकलांगों, सभी जातियों और सभी धारणाओं या बिना धारणा वाले अधिकतर लोग हमें अपने द्वारा अनुभव की गई और इच्छित देखभाल और सामाजिक कार्य सेवाओं के बारे में बताते हैं।**

कॉर्पोरेट योजना परिणाम 1

**4. सभी वर्गों और पेशों के बीच, हमारा कार्य दल हमारी देखभाल में रहने वाले लोगों की आवश्यकताओं को श्रेष्ठ रूप से दर्शाता हैं और उसका समर्थन करता हैं।**

कॉर्पोरेट योजना परिणाम 1
कॉर्पोरेट योजना परिणाम 2
कॉर्पोरेट योजना परिणाम 3

## समानता परिणामों की ओर: कार्य योजना

| सामान्य उत्तरदायित्व | समानता परिणाम | असमानता | कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| भेदभाव, उत्पीड़न और अत्याचार समाप्त करें | हम सभी आयुवर्गों, विपरीतलिंगी सहित सभी लिंग, लैंगिक प्रवृत्ति के लोगों, विकलांगों, सभी जातियों और सभी धारणाओं या बिना धारणा वाले सभी लोगों के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावी कार्यवाही करते हैं। | स्कॉटिश ट्रांसजेंडर गठबंधन (Scottish Transgender Alliance) और लेस्बियन गे बाइसेक्सुअल ट्रांसजेंडर यूथ स्कॉटलैंड (Lesbian Gay Bisexual Transgender Youth Scotland) सहित कई समूह नौजवान लोगों सहित कई लोगों के जीवन में भेदभाव, अत्याचार और उत्पीड़न के विनाशकारी प्रभावों पर प्रकाश डालते हैं। घर बदल देना, बेघर होना, घरेलू संबंधों में दुर्व्यवहार, अजनबियों से दुर्व्यवहार, शारीरिक और लैंगिक हमला इसके परिणाम हैं।<br><br>ये समूह विवाह और सिविल पार्टनरशिप में समान अधिकार और शिक्षा, प्रशिक्षण और कार्य में भेदभाव और उत्पीड़न समाप्त करने के लिए भी अभियान चलाते हैं। | हम 2013/15 में पंजीकरण, जाँच, शिकायतों, आचरण और गंभीर घटनाओं की प्रासंगिक समानता जानकारी एकत्र करेंगे और उसका मूल्यांकन व उपयोग करेंगे।<br><br>हम अपनी अभ्यास मार्गदर्शिकाओं द्वारा समानता का ध्यान रखने के तरीके और असमानताओं से निपटने में उनके द्वारा लाए गए परिवर्तन की निगरानी रखेंगे। 2013/15.<br><br>हम उस सीमा तक जानकारी प्रकाशित करेंगे, जहाँ तक समुदाय नियोजन भागीदार असमानताओं से सफलतापूर्वक निपट रहे हैं और प्रभावी रोकथाम और पूर्व हस्तक्षेप द्वारा परिणाम अंतर को कम कर रहे हैं।<br><br>हम अतिसंवेदनशील बच्चों और युवा लोगों के जीवन अवसरों को सुधारने के लिए प्रत्यक्ष परिणामों पर ध्यान देंगे।<br><br>हम सुरक्षित विशेषताओं वाले लोगों के लिए स्टाफ़ घटनाओं के रिकॉर्ड्स की निगरानी रखेंगे और इस जानकारी को हमारे स्टाफ़ के विरूद्ध भेदभाव, अत्याचार, उत्पीड़न और समानता अधिनियम 2010 के तहत प्रतिबंधित किसी अन्य व्यवहार को कम करने हेतु उपयोग करेंगे।<br><br>हम अपने स्टाफ़ के समक्ष हमारे शंखनाद रूपी कथन के प्रति जागरूकता बढ़ाएँगे, ताकि कार्यस्थल में अनुभव किए जाने वाले भेदभाव, अत्याचार, और उत्पीड़न को कम किया जा सके और उससे निपटा जा सके। 2013-15.<br><br>समानता उत्तरदायित्व की प्रगति के लिए, हम 2013/15 की शिकायतों और अनुशासनात्मक घटनाओं और मुखबिरी से संबंधित जानकारी एकत्र करने, मूल्यांकित और उपयोग करने की योजना बना रहे हैं। |

| सामान्य उत्तरदायित्व | समानता परिणाम | असमानता | कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| अवसरों की उन्नत समानता | सभी आयु वर्गों, विपरीतलिंगी सहित सभी लिंग, लैंगिक प्रवृत्ति के लोगों, विकलांगों, सभी जातियों और सभी धारणाओं या बिना धारणा वाले सभी लोगों को अच्छी और बेहतर देखभाल और सामाजिक कार्य सेवाएँ प्राप्त होती हैं। | इन्क्लूज़न स्कॉटलैंड (Inclusion Scotland) विकलांगता और कम साक्षरता, आय स्तर, रोजगार, अभाव और इंटरनेट के उपयोग वाली शिक्षण कठिनाइयों के बीच के जुड़ाव को रेखांकित करते हैं।<br><br>असमानता का सामना करने वाले अक्षमताओं वाले लोगों के सामने सेवाओं और ऑनलाइन सेवाओं पर पहुँच एक सामान्य समस्या है, क्योंकि उनसे ऐसे सिस्टम्स का उपयोग करने की अपेक्षा की जाती है, जो उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नहीं बने, या जो उनके पास नहीं हैं।<br><br>क्लोज़ दी गैप (Close the Gap) एक लिंग आधारित समानता समूह है, जो लिंगों के बीच वेतन अंतर से निपटने के लिए कार्य करता है। जो बताता हैं कि इससे महिलाओं और बच्चों की गरीबी और महिलाओं में पेंशनभोगी की स्थिति में गरीबी की दर बढ़ती है। | हम अपनी वेबसाइट्स और माइक्रोसाइट्स पर जानकारी तक पहुँचने की क्षमता को और अधिक सुधारेंगे। हम लोगों के अनुरोध पर अनुवादित सभी दस्तावेज़ों को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करेंगे। 2013-15<br><br>हम समानता प्रभाव मूल्यांकन (EIA) पूरा करने के तरीके की समीक्षा करेंगे, ताकि हम ऐसे सुरक्षित विशेषताओं वाले अधिक लोगों के साथ परामर्श कर सकें, जो कि हमारी नीति विकास या क्रियान्वयन से प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो सकते हैं। 2013-15<br><br>हम यह सुनिश्चित करें की स्टाफ की भर्ती और पदोन्नति निष्पक्ष रूप से जारी रखें। हम अधिक जानकारी एकत्र करेंगे और सुरक्षित विशेषता समूहों के संबंध में अपनी रोजगार जानकारी का एक अधिक विस्तृत विश्लेषण करेंगे। हम इस जानकारी को अपनी मानव संसाधन कार्य नीति की सूचना देने हेतु उपयोग करेंगे।<br><br>हम अन्य संगठनों की तुलना में अपने स्टाफ की नस्लीय विविधता की निगरानी रखेंगे, ताकि यह देखा जा सके कि हम एक ऐसा कार्य बल कैसे प्राप्त करेंगे, जो स्कॉटलैंड में रहने वाले सभी लोगों के समान हितों का श्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करता है। 2013 -15 |

| सामान्य उत्तरदायित्व | समानता परिणाम | असमानता | कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| कोई सुरक्षित विशेषता रखने और न रखने वाले लोगों के बीच अच्छे संबंध बनाना | सभी आयु वर्गों और विपरीतलिंगी सहित सभी लिंग, लैंगिक प्रवृत्ति के लोगों, विकलांगों, सभी जातियों और सभी धारणाओं या बिना धारणा वाले अधिकतर लोग हमें अपने द्वारा अनुभव की गई और इच्छित देखभाल और सामाजिक कार्य सेवाओं के बारे में बताते हैं। | एथनिक माएनोरिटी फाउंडेशन (Ethnic Minority Foundation) वार्षिक रूप से ऐसे अश्वेत और नस्लीय अल्पसंख्य संगठनों और निधि रुझानों की संख्या के प्रमाणों पर जानकारी देता है, जिनको बहुत कम समर्थन प्राप्त होता है। अन्य अध्ययन मुख्य धारा और राहत समर्थन सेवाओं का उपयोग करने वाले अश्वेत अल्पसंख्यक नस्लीय समुदायों के सदस्यों के लिए महत्वपूर्ण हानि दिखाते हैं।<br><br>हमारे कार्य का समर्थन करने वाले 170 शामिल व्यक्तियों में से, युवा लोगों, पागलपन वाले लोगों, अल्पसंख्यक जाति समूहों वाले लोगों, और लेस्बियन, गे बाइसेक्सुअल या विपरीतलिंगी लोगों का प्रतिनिधित्व कम बताया गया है। | हम विशिष्ट उपयोगकर्ता समूह कार्य नीतियाँ विकसित और क्रियान्वित करेंगे – इसमें अधिक युवा लोगों को जोड़ने का तरीका, लोगों के समूह (बेघर होने, घरेलू दुर्व्यवहार, ड्रग और शराब की लत, आपराधिक न्याय सेवाओं का अनुभव लेने वाले लोग) तक पहुँचने की कठिनाई और नस्लीय अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों तक पहुँचना शामिल हैं<br><br>हम सभी शामिल लोगों से समानता जानकारी एकत्र करेंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए इसका उपयोग करेंगे कि सभी सुरक्षित विशेषता समूहों के लोगों का पूरा प्रतिनिधित्व हो रहा है। 2013-15<br><br>हम समानता समूहों के साथ अच्छे अभ्यास परिणामों को सक्रिय रूप से साझा करने का प्रयास करेंगे। हम समानता समूहों को अच्छे अभ्यासों के उदाहरणों पर प्रकाश डालने के लिए प्रोत्साहित करेंगे, ताकि हम अपने कार्य के सभी क्षेत्रों में इस बात का ध्यान रख सकें। 2013-15<br><br>हम देखभाल और समाज कार्य क्षेत्र में नवीन अभ्यासों के विकास हेतु अपने संसाधनों और शोध विशेषज्ञता को साझा करेंगे। 2013-15 |

| सामान्य उत्तरदायित्व | समानता परिणाम | असमानता | कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| ऊपर दी गई परिभाषा के अनुसार सामान्य उत्तरदायित्व के सभी तीन भाग। | सभी वर्गों और पेशों के बीच, हमारा कार्य दल, हमारी देखभाल में रहने वाले लोगों की आवश्यकताओं को श्रेष्ठ रूप से दर्शाता हैं और उसका समर्थन करता है। | अल्पसंख्यक नस्लीय समूहों वाले लोग, विकलांग लोग, गे, लेस्बियन, बाइसेक्सुअल या विपरीतलिंगी लोग, महिलाएँ, नए अभिभावक और युवा लोग निम्न आय स्तरों, रोजगार और अभाव द्वारा अनुपातहीन रूप से प्रभावित होते हैं। | हमारी कर्मचारी विकास योजना में सभी नए स्टाफ हेतु समानता और विविधता का अनिवार्य प्रशिक्षण शामिल है। हमारे कर्मचारी विकास दल ने पूरे स्टाफ के लिए एक प्रशिक्षण पैकेज तैयार किया है और यह 2013-15 में वितरित हो जाएगा<br><br>हम अपने स्टाफ इंट्रानेट की समीक्षा करेंगे, ताकि स्टाफ अधिक आसानी से शोध कर सके और सभी सुरक्षित विशेषता समूहों से प्रासंगिक जानकारी का संदर्भ दे सके। हम सुनिश्चित करेंगे कि समानता समूहों के लिए हमारे दस्तावेज़ों और प्रकाशनों के और अधिक लिंक्स उपलब्ध हों, ताकि सुरक्षित विशेषताओं को साझा करने वाले लोगों और उन्हें न साझा करने वाले लोगों हेतु प्रत्यक्ष संपर्क को समर्थन मिल सके। 2013-15 |

## सुधारों का मूल्यांकन

हम इस कार्य योजना को एक सजीव दस्तावेज़ के रूप में देखते हैं, जिसे हम आगे बढ़ने के दौरान संशोधित करेंगे। इस योजना में निर्धारित क्रिया बिंदुओं के पूरा होने के साथ-साथ हम सार्वजनिक क्षेत्र के समानता उत्तरदायित्व को पूरा करने की ओर अपनी प्रगति का मूल्यांकन करेंगे। क्रियाओं को मौजूदा गुणवत्ता और प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों से जोड़ने के लिए कार्य योजना पर और काम किया जाएगा।

समानता समस्याओं के बारे में नए प्रमाणों के आधार पर कार्य योजना और परिणाम कथन संशोधित किए जा सकते हैं। इस प्रकार से हमारा कार्य वर्तमान समानता जानकारी के प्रति प्रतिक्रियाशील और उसके अनुसार रहेगा।

## समीक्षा दिनांक

हम 30 अप्रैल 2015 से पहले ही प्रगति पर रिपोर्ट करेंगे।

हम 30 अप्रैल 2017 से पहले ही परिणाम कथनों की समीक्षा करेंगे।

**मुख्यालय**
Care Inspectorate
Compass House
11 Riverside Drive
Dundee
DD1 4NY
Tel: 01382 207100
Fax: 01382 207289

हमारे कार्यालय पूरे स्कॉटलैंड में हैं। अपना नज़दीकी कार्यालय ढूँढने के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएँ या हमारी देखभाल निरीक्षणालय पूछताछ लाइन पर कॉल करें।

**Website: www.careinspectorate.com**
**Email: enquiries@careinspectorate.com**
**Care Inspectorate Enquiries: 0845 600 9527**

यह प्रकाशन अनुरोध करने पर अन्य स्वरूपों और अन्य भाषाओं में उपलब्ध है।

This publication is available in other formats and other languages on request.

Tha am foillseachadh seo ri fhaighinn ann an cruthannan is cànain eile ma nithear iarrtas.

অনুরোধসাপেক্ষে এই প্রকাশনাটি অন্য ফরম্যাট এবং অন্যান্য ভাষায় পাওয়া যায়।

یہ اشاعت گزارش پر دیگر شکلوں اور دیگر زبانوں میں دستیاب ہے۔

ਬੇਨਤੀ 'ਤੇ ਇਹ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ਨ ਹੋਰ ਰੂਪਾਂ ਅਤੇ ਹੋਰਨਾਂ ਭਾਸ਼ਾਵਾਂ ਵਿਚ ਉਪਲਬਧ ਹੈ।

هذا المنشور متوافر عند الطلب بتنسيقات وبلغات أخرى.

本出版品有其他格式和其他語言備索。

Na życzenie niniejsza publikacja dostępna jest także w innych formatach oraz językach.

© देखभाल निरीक्षणालय (Care Inspectorate) 2013
द्वारा प्रकाशित: कम्युनिकेशंस (Communications)

HAPPY TO **TRANSLATE**

Corporate member of Plain English Campaign
Committed to clearer communication
420